# कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, झारखंड, रांची।

वन भवन, डोरण्डा, रांची–834002. Phone- 0651-2481909 (O) / 2480413 (F) email – pccfjhk@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक– 11 E–19(A) 36/2015– दिनांक–

प्रेषक,

बी0सी0 निगम,
प्रधान मुख्य वन संरक्षक ।

सेवा में,

श्री कीर्ति सिंह,
क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बोकारो ।
श्री बब्बन प्रसाद सिन्हा,
वन संरक्षक, बोकारो प्रादेशिक अंचल, बोकारो ।
श्री कुमार आशीष,
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह पूर्वी प्रमंडल, गिरिडीह ।

अत्यावश्यक

Email

विषय :– बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त अवैध शॉ मिल के संचालन के संबंध में ।

महाशय,

कुछ दिनों पूर्व गिरिडीह पूर्वी वन प्रमंडल में दाउदनगर राजधनवार में श्री रामु राणा एवं श्री अर्जुन राणा नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से शॉ मिल स्थापित कर अवैध रूप से लकड़ी की चिराई किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी । अधोहस्ताक्षरी द्वारा सूचना दिए जाने पर दि0–18.12.2015 को छापेमारी द्वारा शॉ मिल को बंद कराया गया एवं वहां उपलब्ध कुछ लकड़ियों को जब्त भी किया गया ।

किसी भी वन अधिकारी के कार्य क्षेत्र में बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त अवैध रूप से शॉ मिल का संचालन एक गंभीर मामला है, जिसमें उस क्षेत्र के प्रभारी अधिकारियों एवं कर्मियों की संलिप्तता को नकारा नहीं जा सकता ।

आपसे अनुरोध है कि इस प्रकरण की जांच कर, संबंधित अधिकारी एवं कर्मी पर उचित कार्रवाई करें ।

विभाग में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी यह निदेश दिया जाता है कि वे इस पहलू पर सघन जांच कर यह देखें कि उनके कार्य क्षेत्र में अवैध रूप से शॉ मिल स्थापित नहीं हो एवं यदि ऐसी शॉ मिल कहीं चल रही हो तो उसे अविलंब बंद कराकर उचित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करें ।

सभी संबंधित अधिकारी इस संबंध में अपने कार्य क्षेत्र से संबंधित अनुपालन प्रतिवेदन 15 दिनों के अंदर अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे ।

इसे अत्यावश्यक समझा जाए ।

विश्वासभाजन,

ह0/–
(बी0सी0 निगम)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक–                                                                                    रांची, दि०–

प्रतिलिपि – सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, झारखंड/मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, रांची/क्षेत्र निदेशक, पलामू व्याघ्र परियोजना, डालटनगंज को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह०/–

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक–                                                                                    रांची, दि०–

प्रतिलिपि – प्रधान सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड, रांची को सूचनार्थ प्रेषित ।

ह०/–

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

ज्ञापांक– 4006                                                                                    रांची, दि०–22/12/15

प्रतिलिपि – इन्विस सेल, वन भवन, डोरंडा, रांची को PCCF Instruction Tab में अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

22/12/15

प्रधान मुख्य वन संरक्षक